an>

Title: Need to set up Medical College-cum-Hospital in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) ः मेरे संसदीय क्षेत्र सिवान (बिहार) में चिकित्सा का घोर अभाव है। सिवान में एकमात्र सदर अस्पताल है और इस अस्पताल में डॉक्टरों एवं चिकित्साकर्मियों की भारी कमी है जिसके कारण यहां के रोगियों को सिवान से बाहर जाकर इलाज कराना पड़ रहा है। अगर सिवान में केंद्र सरकार एक अस्पताल जो सभी सुविधाओं से युक्त हो, खोल दे, तो मेरे संसदीय क्षेत्र के साथ गोपालगंज एवं पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से भी मरीजों को काफी फायदा होगा।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि सिवान में एक मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल खोलने हेतु आवश्यक कदम उठाए ताकि सिवान के नागरिकों को राहत मिल सके।